NCERT Solutions for Class 2 Hindi Rimjhim Chapter 4 अधिक बलवान कौन?

कहानी का सारांश

एक बार हवा और सूरज में बहस छिड़ गई। हवा ने सूरज से कहा- मैं तुमसे अधिक बलवान हूँ। सूरज ने हवा से कहा-मुझमें तुमसे ज्यादा ताकत है। इतने में हवा की नज़र एक आदमी पर पड़ी। हवा ने कहा-इस तरह बहस करने से कोई फ़ायदा नहीं है। जो इस आदमी का कोट उतरवा दे, वही ज्यादा बलवान है।

सरज हवा की बात मान गया। उसने कहा-ठीक है। दिखाओ अपनी ताकत। हवा ने अपनी ताकत दिखानी। शुरू की। आदमी की टोपी उड़ गई। कोट उसने अपने दोनों हाथों से शरीर से लपेटे रखा और जल्दी-जल्दी कोट के बटन बंद कर लिए। हवा और ज़ोर से चलने लगी। अंत में आदमी नीचे ही गिर पड़ा, पर कोट उसके शरीर पर ही रहा। अब हवा थक गई थी।

सूरज ने कहा- हवा, अब तुम मेरी ताकत देखो। सूरज तपने लगा। आदमी ने कोट के बटन खोल दिए। सूरज की गर्मी और बढ़ी। आदमी ने कोट उतार दिया और उसे हाथ में लेकर चलने लगा। सूरज ने कहा-देखी मेरी ताकत? उतरवा दिया न कोट? हवा ने सूरज को नमस्कार किया और कहा-मान गई तुम्हारी ताकत को।

शब्दार्थ : बहस – तर्क। **वाद** – विवाद। **नज़र** – दृष्टि, निगाह। **बलवान** – शक्तिशाली, ताकतवर। **तपन** – जलन।

प्रश्न-अभ्यास

हवा की बात

प्रश्न 1
हवा को ऐसा क्यों लगा होगा कि वह सूरज से अधिक बलवान है?
उत्तर:
हवा की गति काफ़ी तेज होती है और वह पल-भर में बहुत सारी चीजों को उड़ा सकती है। इसलिए उसे लगा होगा कि वह सूरज से अधिक बलवान है।

प्रश्न 2
हवा आदमी का कोट कैसे उतरवा सकती थी? कोई तरकीब सोचो।

उत्तर:
हेवा यदि अपने साथ-साथ धूलकण भी लाती तो इससे आदमी की आँखें चुभने लगतीं और वह कोट को उतार देता और उससे अपना मुह ढंक लेता।

गर्मी

प्रश्न 3
आदमी ने गर्मी लगने पर कोट उतार दिया। तुम गर्मी लगने पर क्या-क्या करती हो?
उत्तर:
मैं गर्मी लगने पर हल्के और सूती कपड़े पहनती हूँ और ठंडे पानी में स्नान करती हूँ। ठंडे "पेय पीती हूँ तथा पंखा, कूलर या ए०सी०चलाकर ठंड का आनंद लेती हूँ।

किसमें कितनी ताकत

प्रश्न – बताओ, इनमें से कौन अधिक बलवान है? तुम्हें ऐसा क्यों लगता है?

1. सूरज या हवा?
उत्तर:
मुझे लगता है कि सूरज अधिक बलवान है क्योंकि उसकी तपिश हमें हवा की अपेक्षा अधिक प्रभावित करती है।

2. हाथी या शेर?
उत्तर:
मुझे लगता है कि शेर अधिक बलवान है क्योंकि जंगल के सभी जानवर उससे डरते हैं। और वह जंगल का राजा है।

3. गर्मी या सर्दी?
उत्तर:
मुझे लगता है कि सर्दी-अधिक बलवान है क्योंकि यह आदमी को सबसे अधिक प्रभावित करती है।

ताकत की बात

प्रश्न 4
(क) हवा ने अपनी ताकत दिखाने के लिए क्या किया?

edugross.com

उत्तर:
हवा ने अपनी ताकत दिखाने के लिए तेज़ गति से बहना प्रारंभ कर दिया। इसके कारण आदमी की टोपी उड़ गई तथा वह गिर पड़ा।

(ख) सूरज ने अपनी ताकत दिखाने के लिए क्या किया?
उत्तर:
सूरज ने अपनी ताकत दिखाने के लिए अपनी गर्मी को बढ़ाना शुरू कर दिया। इससे आदमी ने अपना कोट उतार दिया।

(ग) यह सब अपनी ताकत दिखाने के लिए क्या करेंगे?

1. पानी
2. बादल
3. पहाड़
4. सर्दी

उत्तर:

1. पानी – पानी अपने बहाव को तेज कर देगा। इससे बहुत सारी चीज़े बह जाएँगी।
2. बादल – बादल गरज के साथ मूसलाधार वर्षा प्रारंभ कर देगा।
3. पहाड़ – पहाड़ टूटकर किसी भी रास्ते को अवरुद्ध कर देगा।
4. सर्दी – अपनी ठंड से लोगों का जीवन अस्त-व्यस्त कर देगी।

तो क्या होता

प्रश्न 5
मान लो कि हवा ने कहा-जो मिट्टी में गड़े इस तंबू को उखाड़ दे, वह ज्यादा ताकतवर होगा। ऐसा होता तो कहानी में आगे क्या होता? सोचो और बताओ।
उत्तर:
यदि हवा ने यह कहा होता कि मिट्टी में गड़े इस तंबू को जो उखाड़ देगा, वह ज्यादा ताकतवर होगा तो इस दशा में हवा अधिक ताकतवर होती क्योंकि वह अपने वेग से तंबू को उखाड़ फेंकती। जबकि सूरज अपनी गरमी से ऐसा नहीं कर पाता।

शब्दों का खेल

edugross.com

यहाँ पर छह शब्द छिपे हैं
ताज, महल, जम, हल, ताल, मल।

प्रश्न 6

नीचे लिखे शब्द में तुम भी इसी तरह आठ शब्द ढूँढो।

क	म	ल	क	क	ड़ी

उत्तर:

कमल, कम, मल, कल, ककड़ी, कड़ी, लकड़ी।

एक के बदले दूसरा

बलवान की जगह हम ताकतवर शब्द का इस्तेमाल कर सकते हैं।

प्रश्न 7

नीचे लिखे शब्दों की जगह तुम और कौन-से शब्द चुन सकती हो?

उत्तर:

अधिक	"ज्यादा"	शरीर	"देह"
फ़ायदा	"लाभ"	झगड़ा	"लड़ाई"
.नमस्कार	"प्रणाम"	सर्दी	"ठंड"

edugross.com